राज्यपाल का सचिवालय, भोपाल (मध्यप्रदेश)

क्रमांकः एफ 10/25/रास/स्था/2024/विज्ञप्ति/306 :: भोपाल, दिनांक 4 फरवरी, 2025

(प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापना हेतु विज्ञप्ति)

राज्यपाल के सचिवालय, भोपाल में रिक्त पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति आधार पर किये जाने हेतु राज्य शासन के विभिन्न विभागों तथा राज्य शासन के निगम, मंडल, उपक्रम, में समकक्ष पद एवं वेतनमान पर कार्यरत इच्छुक शासकीय, अर्द्ध शासकीय सेवको से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण निम्नानुसार है :—

स.क्र.	पद नाम	पद संख्या	वेतनमान	अर्हता/योग्यता/अनुभव
1	राज्यपाल के निज सचिव	01 (प्रथम श्रेणी)	15600—39100+6600 पुनरीक्षित 67300—206900 (लेवल—13)	1/—निज सचिव पद के कर्तव्यों तथा शासकीय नियम/प्रक्रिया का विधिवत् ज्ञान। 2/—समकक्ष पद पर कार्य का कार्यानुभव, अंग्रेजी भाषा का पर्याप्त ज्ञान एवं हिन्दी, अंग्रेजी शीघ्रलेखन, टायपिंग दक्षता के साथ ई—मेल इत्यादि का पर्याप्त ज्ञान।
2	शीघ्रलेखक (स्टेनोग्राफर)	01	5200—20200+2800 पुनरीक्षित 28700—91300 (लेवल—7)	1/—संबंधित पद के कर्तव्यों तथा शासकीय नियम/प्रक्रिया का विधिवत् ज्ञान। 2/—समकक्ष पद पर कार्य का कार्यानुभव, अंग्रेजी भाषा का पर्याप्त् ज्ञान एवं हिन्दी, अंग्रेजी शीघ्रलेखन टायपिंग दक्षता, ई—मेल इत्यादि का पर्याप्त ज्ञान।
3	सहायक मैनेजर (पचमढ़ी राजभवन) पदस्थापना स्थल : राजभवन पचमढ़ी	01	9300—34800+3200 पुनरीक्षित 32800—103600 (लेवल—8)	1/—विशिष्ट, अतिविशिष्ट अतिथियों के स्वागत एवं आतिथ्य सत्कार संबंधित कार्य का पर्याप्त ज्ञान एवं कार्य मे दक्ष। 2/—कम्प्यूटर पर हिन्दी, टायपिंग, ई—मेल इत्यादि का पर्याप्त ज्ञान।

स.क्र.	पद नाम	पद संख्या	वेतनमान	अर्हता/योग्यता/अनुभव
4	सहायक ग्रेड–3	02	5200–20200+1900 पुनरीक्षित 19500–62000 (लेवल–4)	1/–सहायक ग्रेड–3 पद के कर्तव्यों तथा शासकीय नियम/प्रक्रिया का विधिवत् ज्ञान। 2/–समकक्ष पद पर कार्य का कार्यानुभव, तथा हिन्दी, टायपिंग दक्षता के साथ–साथ ई–मेल/ कम्प्यूटर कार्य मे दक्ष।
5	द्विभाषी स्टेनो टायपिस्ट	01	5200–20200+1900 पुनरीक्षित 19500–62000 (लेवल–4)	1/–संबंधित पद के कर्तव्यों तथा शासकीय नियम/प्रक्रिया का विधिवत् ज्ञान। 2/–अंग्रेजी भाषा का पर्याप्त ज्ञान। 3/–समकक्ष पद पर कार्य का कार्यानुभव, एवं हिन्दी, अंग्रेजी टायपिंग दक्षता के साथ–साथ ई–मेल/ कम्प्यूटर कार्य मे दक्ष।

आवश्यक शर्तेः-

1 इच्छुक शासकीय सेवक वांछित योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अपना आवेदन अपने नियोक्ता के माध्यम से राज्यपाल के अपर सचिव, के नाम को संबोधित करते हुए प्रेषित करेंगे।

2 शासन के अधीन किसी संस्था में पांचवें अथवा छठवें वेतनमान में कार्य कर रहे समकक्ष कर्मचारी भी आवेदन करने हेतु पात्र होगे।

3 आवेदन पत्र में व्यक्तिगत विवरण यथा नाम, पिता का नाम, निवास का पता, पदनाम, वेतनमान, नियुक्ति दिनांक, शैक्षणिक योग्यता, प्रशिक्षण, मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई–डी, कार्यरत कार्यालय का नाम एवं पता, सेवा अनुभव इत्यादि की स्पष्ट जानकारी अंकित की जावे।

4 आवेदक के विगत 03 वर्ष की गोपनीय चरित्रावलियों का मूल्यांकन एवं कार्यालय प्रमुख का संबंधित की सेवा सौंपने में कोई आपत्ति नहीं है, संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

5 आवेदक को पैतृक विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अंतिम वेतन प्रमाण पत्र अनुसार ही वेतन देय होगा।

6 चयनित शासकीय सेवक की सेवाएं प्रथमतः दो वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति पर प्राप्त की जावेंगी। कार्यव्यवहार एवं आवश्यकता के दृष्टिगत आगामी समय हेतु इस अवधि मे वृद्धि की जा सकेगी।

7 चयनित शासकीय सेवक के चयन उपरांत सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्यपाल सचिवालय, भोपाल मे प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापना के आदेश प्रसारित किए जावेंगे।

8 विभिन्न विभागो/निगम/मंडल इत्यादि मे संविदा, आउटसोर्स, कलेक्टर दर, निश्चित मानदेय/वेतन पर कार्यरत व्यक्ति विज्ञापित पदों पर आवेदन करनें के पात्र नहीं होगे।

9 आवेदन पत्र राज्यपाल के अपर सचिव, राजभवन भोपाल के कार्यालय में <u>दिनांक 10/03/2025</u> तक कार्यालयीन समय मे व्यक्तिगत रुप से अथवा डाक के माध्यम से प्राप्त हो जाना अनिवार्य है। नियत तिथि एवं समय उपरान्त प्राप्त आवेदन विचार मे नहीं लिए जावेंगे।

03/02/2025

(उमाशंकर भार्गव)
राज्यपाल के अपर सचिव
मध्यप्रदेश, भोपाल

राज्यपाल का सचिवालय, भोपाल (मध्यप्रदेश)

(प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापना हेतु विज्ञप्ति)

भोपाल, दिनांक 04 फरवरी, 2025

राज्यपाल सचिवालय, भोपाल में रिक्त पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति आधार पर किये जाने हेतु राज्य शासन के विभिन्न विभागों तथा राज्य शासन के निगम, मंडल, उपक्रम, में समकक्ष पद व वेतनमान पर कार्यरत एवं इच्छुक शासकीय, अर्द्ध शासकीय कर्मचारियों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

तत्संबंध मे आवश्यक जानकारी राजभवन की वेबसाइट **http://governor.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। केवल पात्र व्यक्ति ही आवेदन करें। आवेदन की अंतिम तारीख **10/03/2025** है। यदि विज्ञप्ति में कोई संशोधन किया जाता है तो उसकी सूचना राजभवन की विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी।

हस्ता/-
राज्यपाल के अपर सचिव
मध्यप्रदेश, भोपाल